Grants-in-AID to Film Societies

1985. SHRI G. PRATHAPA KEDDY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) what is the amount of grants-in-aid that has been given to the various film societies during the last three years with their names:

(b) what is the criteria on which the societies were selected for grants-in-aid;

(c) whether any review and evaluation of the utilisation of the amount of grants has been made; and

(d) if so, what are the results thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) and (b) Government of India has released grants-in-aid to the Federation of Film Societies of India for the development of film societies movement in India, during the last three years as under:—

1990-91	. .	Rs. 2.70 lakhs
1991-92	. .	Rs. 3.00 lakhs
1992-93	. .	Rs. 3.00 lakhs

(c) No Sir.

(d) Does not arise.

दिल्ली दूरदर्शन का एक चैनल मुफ्त में आरंभ करने के लिये स्टार टी० वी० का प्रस्ताव

1986. **श्रीमती कमला सिन्हा**: क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्टार टी.वी. ने अपने उपग्रह के माध्यम से दिल्ली दूरदर्शन के लिये एक चैनल मुफ्त में आरंभ करने हेतु एक प्रस्ताव भेजा है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के.पी. सिंह देव) : (क) स्टार टेलीविजन ने अपने उपग्रह के माध्यम से दिल्ली दूरदर्शन पर एक चैनल शुरू करने का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

दूरदर्शन को राजस्व की हानि

1987. **श्री अजीत जोगी**: क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को दूरदर्शन की वाणिज्यिक और कार्यक्रम संबंधी नीति में संशोधन न कर पाने के कारण राजस्व की हानि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या दूरदर्शन की वाणिज्यिक और कार्यक्रम संबंधी नीति में संशोधन करने की कोई योजना है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के.पी. सिंह देव) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) वाणिज्यिक संहिता और दरों की समीक्षा एक सतत् प्रक्रिया है और यह समय समय पर की जाती है।

1988. [*Transferred to 18th August, 1993.*]

पहाड़ी क्षेत्रों में कम शक्ति वाले ट्रांसमीटर (एल० पी० टी) स्थापित करना

1989. **श्री महेश्वर सिंह**: क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें इस बात की जानकारी है कि पहाड़ी प्रान्तों की भौगोलिक